गुजरने वाली मुख्य रेलवे लाइन कस्बे को दो भागों में बांटती है ;

(ख) क्या सरकार को इस बात की भी जानकारी है कि इसके परिणामस्वरूप ट्रकों और भारी वाहनों को मंडी तक जाने में बहुत कठिनाई हो रही है ;

(ग) यदि हां, तो क्या सरकार का विचार वहां एक उपरि पुल बनाने का है ; और

(घ) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

**रेलवे मंत्री (डा० राम सुभग सिंह)** : (क) जी हां।

(ख) पहियेदार यातायात की सुविधा के लिए एक समपार से होकर शहर और मंडी को मिलाने वाली एक पक्की सड़क है।

(ग) जी नहीं। वर्तमान नियमों के अन्तर्गत व्यस्त समपारों के बदले रेलवे लाइन के ऊपर/नीचे सड़क पुलों के निर्माण सम्बन्धी प्रस्ताव राज्य सरकार द्वारा प्रायोजित करना अपेक्षित है। प्रस्ताव में राज्य सरकार को यह बताना है कि अमुक काम किस अग्रता के आधार पर किया जाना है और वह किस वर्ष सड़क अधिकरण के हिस्से की लागत के लिए रकम की व्यवस्था कर सकेगी।

डबरा मंडी में वर्तमान समपार के बदले रेलवे लाइन के सड़क-पुल बनाने के सम्बन्ध में मध्य प्रदेश सरकार से अभी तक कोई निश्चित प्रस्ताव नहीं मिला है।

(घ) सवाल नहीं उठता।

**भोपाल रेलवे स्टेशन के रेल फाटक के समीप उपरि-पुल**

2578. **श्री शशि भूषण** : क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को मालूम है कि भोपाल (मध्य प्रदेश) के मुख्य रेलवे के समीप रेलवे फाटक पर उपरि-पुल के निर्माण का जो कार्य चल रहा था वह अभी तक पूरा नहीं हुआ है;

(ख) यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं ; और

(ग) उस पुल के कब तक पूरा हो जाने की संभावना है ?

**रेलवे मंत्री (डा० राम सुभग सिंह)** : (क) जी हां।

(ख) और (ग). रेलवे के हिस्से का काम, अर्थात उपरि पुल की संरचना का निर्माण-कार्य बहुत आगे बढ़ गया है। लेकिन राज्य सरकार ने पहुंच-मार्गों का निर्माण अभी शुरू नहीं किया है। ज्यों ही राज्य सरकार पहुंच-मार्गों का काम शुरू करेगी, रेल प्रशासन भी पुल की संरचना का काम साथ-साथ पूरा कर देगा।

**लश्कर-शिवपुरी लाइट रेलवे लाइन पर फाटक**

2579. **श्री शशि भूषण** : क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को पता है कि ग्वालियर में 5 करोड़ रुपये की लागत से एक मंडी बनाने की योजना है जिससे लगभग बीस लाख किसानों को लाभ पहुंचेगा ;

(ख) क्या सरकार को यह भी पता है कि लश्कर-शिवपुरी लाइट रेलवे लाइन पर रेल का फाटक न होने के कारण समूची योजना का काम रुका पड़ा है ;

(ग) इस सम्बन्ध में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ;

(घ) क्या सरकार इस मण्डी के इर्द-गिर्द के सभी मार्गों को एक ही प्राधिकार के अधीन लाने के लिये कोई योजना बना रही है ; और

(ङ) यदि हां, तो उसका क्या ब्यौरा क्या है ?

**रेलवे मन्त्री (डा० राम सुभग सिंह)** : (क) रेलवे को केवल इतना ही मालूम है कि मण्डी को लश्कर सेक्टर में उसके वर्तमान स्थान से हटा कर जीवाजी गंज स्टेशन के पास एक नये स्थान पर बनाने का प्रस्ताव है।